राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामा.)स्था/निकाशि/ 2019/पार्ट/1713 दिनांकः 29,फरवरी, 2024

.प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः राजस्थान विधान सभा परिसर में स्थित डिजिटल म्यूजियम के प्रसार बाबत।
संदर्भः प्रमुख सचिव, राजस्थान विधानसभा सचिवालय का पत्रांक एफ13(138) (1)सअ / विस 2022–24/6673 जयपुर दिनांक 22.02.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर निर्देशानुसार लेख है कि पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय के विद्यार्थियों को राजस्थान विधान सभा परिसर में स्थित डिजिटल म्यूजियम में भ्रमण हेतु भिजवाने के लिए प्रोत्साहित करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(प्रोफेसर बी.के.शर्मा)
संयुक्त निदेशक, विधानसभा

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामा.)स्था/निकाशि/ 2019/पार्ट/1713 दिनांकः 29,फरवरी, 2024
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. प्रमुख सचिव, राजस्थान विधानसभा सचिवालय को उनके पत्रांक एफ13(138) (1)सअ/विस2022 –24 / 6673 जयपुर दिनांक 22.02.2024 के संदर्भ में।
2. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कृपया आयुक्तालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

(प्रोफेसर बी.के.शर्मा)
संयुक्त निदेशक, विधानसभा

Tel. No.: 2744301 to 20
Fax No.: 2744333 & 2744334

Web Site: https://assembly.rajasthan.gov.in
E-mail: rajassembly@nic.in

कार
आयुक्त कॉलेज शिक्षा
जयपुर 302015
क्रमांक 686
दिनांक 27-2-24

राजस्थान विधान सभा सचिवालय

प्रेषक :	प्रेषिति :
प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर - 302005	आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर

संख्या: एफ13(138)(1)सअ/विस/2022-24/6673   जयपुर, दिनांक 22 फरवरी, 2024

विषय: राजस्थान विधान सभा परिसर में स्थित डिजिटल म्यूजियम के प्रसार बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान विधान सभा परिसर में डिजिटल म्यूजियम का उद्घाटन दिनांक 16 जुलाई, 2022 को भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधिपति माननीय श्री एन.वी. रमणा के कर कमलों से किया गया। विधान सभा में तैयार किया गया यह डिजिटल म्यूजियम विशिष्ट प्रकृति का है इसमें नवीनतम तकनीक के माध्यम से राजस्थान से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण जानकारियों को हिन्दी एवं अंग्रेजी में उपलब्ध कराया गया है। इस म्यूजियम में राजस्थान की गौरवमय गाथा एवं राजनैतिक आख्यान, वर्तमान राजस्थान व उसकी संरचना, राज्य के निर्माण में सहभागी रहे जन-नेताओं और निर्माताओं के योगदान, विधान सभा की कार्यप्रणाली एवं प्रक्रियाएं, राजस्थान में मुख्य मंत्री एवं अध्यक्षगण, निर्वाचन क्षेत्र एवं विधायकों के बारे में जानकारी तथा मंत्रिमण्डल, विपक्ष के नेता एवं अन्य नेताओं की भूमिका को शामिल किया गया है। नई पीढ़ी को लोकतंत्र से अवगत करवाने की दृष्टि से यह म्यूजियम विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। ब्रोशर की एक प्रति संलग्न है।

उक्त क्रम में निदेशानुसार लेख है कि इस म्यूजियम की जानकारी सरकारी तथा निजी महाविद्यालयों में प्रचारित की जाए ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी इसका भ्रमण कर राजस्थान एवं राजस्थान विधान सभा से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर सके। उल्लेखनीय है कि म्यूजियम में प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है। यदि विद्यार्थी ग्रुप में आना चाहते हैं तो अधिकारीक लैटर हैड पर इस सचिवालय को सूची ई-मेल (rajassembly@nic.in) से प्रेषित कर सकते हैं। यदि कोई विद्यार्थी या अन्य व्यक्ति इस म्यूजियम का अवलोकन करना चाहते हैं तो पहचान पत्र की फोटो प्रति के साथ विधान सभा सचिवालय के गेट संख्या 7 से प्रवेश कर सकते हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कर की गयी कार्यवाही से विधान सभा सचिवालय को अवगत कराने का श्रम करावें।

भवदीय,

संलग्न:- उपरोक्तानुसार।

(महावीर प्रसाद शर्मा)
प्रमुख सचिव

D:\RAB\Museum\Letter.docx/29